हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 8 अप्रैल, 2025


तापमान

अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री


11 स्वस्थ रहने को संतुलित भोजन जरूरी

12 डोमेस्टिक एयरपोर्ट से चार जगह के लिए हवाई...






## खबर संक्षेप

### केयू ने घोषित किए 10 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने 10 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमए संस्कृत तृतीय सेमेस्टर फ्रेश व री-अपीयर, एमए पंजाबी तृतीय सेमेस्टर सीबीसीएस व नॉन सीबीसीएस, एमएससी अप्लाईड फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया है। एमएससी फोरेंसिक साइंस फ्रेश एनईपी द्वितीय सेमेस्टर, दिसम्बर 2024 में आयोजित बीवोकेशनल बीएफएसआई के तृतीय सेमेस्टर, बीवोकेशनल इंटीरियर डिजाइन के तृतीय सेमेस्टर, तथा एमएससी मास कम्युनिकेशन के प्रथम सेमेस्टर एनईपी तथा तृतीय सेमेस्टर सीबीसीएस का परिणाम घोषित किया गया है।

### कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए एससी आप्रेशन सर्कल के चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक आज होगी।

### किशोर लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की उझा रोड पर रहने वाला एक 13 साल का किशोर घर से लापता हो गया। किशोर नशे का आदी है। वह नशे की पूर्ति के लिए पहले भी घर से चला गया था। जो करीब आठ दिन बाद लौटा था। अब फिर वह निकल गया।

### किशोरी को माथा टिकवाने के बहाने ले गया युवक

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक पड़ोस में रहने वाली किशोरी को शाकुंभरी देवी पर माथा टिकवाने के बहाने से साथ लेकर गया। इसके बाद वापस नहीं लौटा। किशोरी के परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### पानीपत में पड़ोसी ने पिता व पुत्र को पीटा

पानीपत। पानीपत के तहसील कैंप के उत्तम नगर निवासी पिता रमेश व पुत्र गुरूबचन को पड़ोसी परिवार ने बीच गली में मारपीट कर घायल कर दिया। तहसील कैंप थाना पुलिस ने गुरुबचन की शिकायत पर महाबीर, इसके पिता वीरेंद्र व मां संतोष पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी बहादुर चंद को 150 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी बहादुर ने पूछताछ के दौरान बताया कि आरोपी सुमित भी इस मामले में संलिप्त है। पुलिस ने आरोपी समित को भी गिरफ्तार किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर दुल्हन की तरह सजायी जा रही ट्विन सिटी

- शहर को सजाने के लिए दिन रात जुटे हैं निगम के अधिकारी और कर्मचारी
- ट्विन सिटी की हर सड़क व मुख्य मार्ग और चौक सजाए जा रहे
- 14 अप्रैल को पहुंच रहे हैं देश के प्रधानमंत्री, कई सौगात देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- उप निगम आयुक्त ने कार्यों का निरीक्षण किया
- अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए, लावारिस पशु पकड़े

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर ट्विन सिटी(यमुनानगर जगाधरी) दुल्हन की तरह सजने लगा है। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर स्वच्छ यमुनानगर जगाधरी अभियान के तहत शहर की हर सड़क की सफाई कर चमकाया जा रहा है। डिवाइडर, पोल, सड़क किनारों की दीवारों को पेंट करके सुंदर बनाया जा रहा है। नगर निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी दिन रात शहर के सौंदर्यीकरण में जुटे हैं।

विशेष अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त, शहर को लावारिस पशु मुक्त व कचरा मुक्त बनाया जा रहा है। यह इसलिए किया जा रहा है कि देश के प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को यमुनानगर में पहुंचकर थर्मल पावर प्लांट में नई आठ मेगावाट यूनिट का शिलान्यास करेंगे और जिले को अन्य सौगात भी देंगे।



यमुनानगर। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सजाए गए चौक। फोटो : हरिभूमि



डेकोरेटिव लाइट लगाई



### निगम ने सुबह से शाम सफाई अभियान चलाया

निगम के जोन में सीएसआई हरजीत सिंह व सुनील दत्त के नेतृत्व में टीमों ने सुबह से लेकर शाम तक शहर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान अंबाला रोड, जगाधरी पांवटा साहिब मार्ग, रेलवे रोड, यमुनानगर जगाधरी मार्ग, वर्कशॉप रोड, सहारनपुर रोड, रादौर रोड व अन्य मार्गों के किनारों की सफाई की। जमी मिट्टी को साफ किया। सड़क किनारे उगी झाड़ियों व घास को काट कर साफ किया गया। डिवाइडरों को साफ कर चकाचक किया गया। इसी तरह अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार के नेतृत्व में कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, नरेंद्र सुहाग, सुखविंद्र सिंह की टीमों ने सड़कों को रिपेयर, जेब्रा क्रॉसिंग व रोड सेफ्टी संबंधित अन्य मानक पूरे किए। चौकों को तिरंगा कपड़ों से सजाया गया। स्ट्रीट लाइट व डेकोरेटिव लाइटों को दुरुस्त कर उन पर तिरंगा लाइट लगाकर शहर को जगमग करने का कार्य किया गया।

### कचरा निस्तारण प्लांट की टीन से की चारदीवारी

निगम अधिकारियों द्वारा कैल कचरा निस्तारण प्लांट की टीन से चारदीवारी की जा रही है। इसके साथ की कचरे पर स्प्रे किया जा रहा है। ताकि उससे बदबू न आए। निगम द्वारा अंबाला रोड पर प्लांट के आसपास सड़क किनारों को मिट्टी से भरकर समतल किया गया है। दीवारों पर स्वच्छता संबंधी संदेश लिखकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। वहीं, डेकोरेटिव लाइटों पर तिरंगा लाइट लगाई जा रही हैं।

### हटाया अतिक्रमण और पकड़े बेसहारा पशु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पूर्व नगर निगम का शहर को बेसहारा पशुओं और सड़कों को अतिक्रमण व कचरा मुक्त करने का प्रयास है। इसी के चलते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर सीएसआई सुनील दत्त की टीम ने रेलवे रोड, वर्कशॉप रोड, यमुनानगर जगाधरी मार्ग से सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किया अतिक्रमण हटाया। इसी तरह सीएसआई हरजीत सिंह की टीम ने जगाधरी के विभिन्न मार्गों से अतिक्रमण हटाया। बीते छह दिन में निगम द्वारा 25 से अधिक बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में पहुंचाया है।

## रैली निकाल स्कूलों में सुविधाओं की दी जानकारी

- नामांकन अभियान के तहत भमनौली में निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव भमनौली में नामांकन अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान शिक्षकों ने घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। टीम में शामिल अध्यापकों ने अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला कराने के लिए प्रेरित किया।



यमुनानगर। भमनौली में जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

शिक्षक नेता महेंद्र कलेर ने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अनेक योजनाएं चला रखी है। सरकारी स्कूलों में दी जाने वाली सुविधाएं, कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए मुफ्त वर्दी, पुस्तकें, स्कूल बैग व स्टेशनरी दी जा रही है। सरकारी स्कूलों में उच्च शिक्षा प्राप्त योग्य व प्रशिक्षित अध्यापक है। सीसीई के अंतर्गत नियमित मूल्यांकन एवं सेट के माध्यम से अवसर एप पर भी परीक्षा ली जाती है। प्रत्येक शनिवार को जॉय फुल सैटरडे मनाया जाता है। बच्चों को खेल खेल में शिक्षा दी जाती है। सभी बच्चों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की जाती है। अनुसूचित जाति के कक्षा छठी एवं नौवी के विद्यार्थियों के लिए मुफ्त साइकिल सुविधा दी जाती है।

## तरावड़ी मंडी मे नमी की वजह से गेंहू की खरीद शुरू नहीं हुई

*एक अप्रैल से खरीद शुरू हो चुकी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

प्रदेश सरकार की ओर से एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। खरीद को देखते हुए जिला में भी प्रशासन की ओर से अनाज मंडी में पुख्ता प्रबंध किए गए हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न झेलनी पड़े। हालांकि अभी तक मंडी में गेहूं की खरीद नहीं हुई है। आज भी 3 हजार क्विंटल गेंहू मंडी मे आमद हुई लेकिन गेहूं में नमी की मात्रा अधिक होने की वजह से सरकारी एजेंसी ने खरीदा नहीं। सरकार द्वारा 12 प्रतिशत नमी की मात्रा तय की गई है। तरावड़ी मंडी सचिव संजीव सचदेवा ने कहा किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडी में पूरे प्रबंध कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। खरीद के दिन तय किये गये है।



मंडी मे आई गेंहू की ढेरियों को साफ करते व सुखाते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

## फर्जी फर्म बनाकर दस्तावेजों पर हुआ करोड़ों का लेनदेन

ऑनलाइन नौकरी के लिए किया था आवेदन

- तीन साल बाद दर्ज हुआ केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

फर्जी फर्म बनाकर एक युवक के दस्तावेजों पर करोड़ों रुपये का लेनदेन हो गया। युवक को अपने साथ हुई ठगी का तब पता चला जब वह इनकम रिटर्न भरने गया। अब पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर ठगी का केस दर्ज किया है। पीड़ित रविंद्र ने बताया कि वह सीएससी में काम करने के साथ घर पर भी काम करता है। 2022 में उसने नौकरी के लिए आवेदन किया था। एक व्यक्ति ने उससे दस्तावेज और ओटीपी ले लिया। बाद में आरोपियों का नंबर बंद होने के कारण उसे लगा था कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। वह अपने काम में लग गया था। 2023 में जब वह रिटर्न भरने गया तो अकाउंटेंट ने बताया कि उसके नाम पर करोड़ों का लेनदेन हो रखा है। जिस फर्म के नाम से लेनदेन हो रखा था तो उसका नाम टूलिप क्रिएशन है। ऑनलाइन नंबर निकलने के बाद आरोपी का पता लगा। पीड़ित ने बताया कि आरोपी से संपर्क किया तो उसने मामला खत्म करने की बात कही। इस संबंध में एक शिकायत पड़ाव थाना में दी थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात करने के बाद पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया कि पिछले तीन साल से वह इंसाफ के लिए भटक रहा है।

### युवक से बरामद की 28.82 ग्राम हेरोइन

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर पुलिस टीम ने शहर की तीर्थ नगर कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 28.82 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाने में तैनात एसआई लखविंद्र मसीह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि तीर्थ नगर कॉलोनी में नहर पुल के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 28.82 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं करती लोक परंपराओं का प्रचार : सैनी

*डीएवी पीजी कॉलेज को मिला दूसरा स्थान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने आर्य पीजी कॉलेज पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम दिशाएं में विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इन विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस में दुसरा, रितिका ने सोलो डांस, सुरभि ने भाषण प्रतियोगिता में,प्रिंस ने पोस्टर मेकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

इसमें विद्यार्थियों को 7000 रुपए नगद पुरस्कार राशि, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर उनका स्वागत करते हुए कहा कि सांस्कृतिक विधाएं विद्यार्थियों को लोक संस्कृति, परंपराओं और साहित्य से परिचित करवाने का कार्य करती हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों को अपनी सामाजिक विरासतों से जुड़ने का मौका मिलता है।

उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से लोक परंपराओं का प्रचार-प्रसार होता है। जिससे समाज में जागरूकता पैदा होती है।



### दो छात्रों का इसरो के लिए चयन हुआ



**इसराना।** पानीपत के गांव कुराना स्थित ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का चयन इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम 2025 के लिए हुआ है। जिसमें भारती पुत्री नरेश शर्मा गांव कुराना, कृष खैंची पुत्र शुकरामपाल गांव अहार शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यह एक बेहद प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। जिसमें पूरे देश भर से केवल 350 विद्यार्थी ही चुने जाते हैं। हरियाणा को मात्र 10 सीट मिली थी। इनमें से दो पर ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव अहर व कुराना के विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है जो न केवल विद्यालय व गांव बल्कि जिले के लिए गर्व की बात है।

## छत पर उगाए थे 4.714 किलो अफीम के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- थर्माकोल के तीन डिब्बों में उगाए गए थे अफीम के पौधे
- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को किया गिरफ्तार

नई नंदा कॉलोनी में एक व्यक्ति ने घर की छत पर अफीम के पौधे उगा रखे थे। फरकपुर चौकी पुलिस ने छापामारी कर घर की छत पर उगे अफीम के पौधों को बरामद कर लिया। जिनका कुल वजन 4 किलो 714 ग्राम हुआ। पुलिस ने मौके से मौके से आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार फरकपुर चौंकी में तैनात एएसआई मनोज कुमार ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि शहर की नई नंदा कॉलोनी निवासी कृष्णपाल सिंह ने अपने घर की छत पर अफीम की खेती की हुई। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी के घर की छत पर जाकर जांच की तो वहां पर थर्माकोल के तीन डिब्बों में हरे रंग के काफी पौधे उगे हुए दिखाई दिए। उन पौधों के ऊपर डोडे लगे हुए थे। जांच करने पर यह अफीम के पौधे पाए गए। पुलिस टीम ने अफीम के पौधों को कब्जे में लेकर उनका वजन किया तो वह 4 किलो 714 ग्राम था।

पुलिस ने मौके से आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**कार्यक्रम** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे ज्योतिराव फुले : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि ज्योतिबा फुले भारत में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। वे एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने जाति व्यवस्था, महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की और उनकी विरासत में जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई, महिलाओं के सशक्तिकरण और हाशिए पर पड़े लोगों तक शिक्षा के प्रसार में कई योगदान शामिल हैं। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले, उनके सुधार आंदोलन और विरासत का मूल्यांकन विषय पर भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि ज्योतिबा फुले एक क्रांतिकारी समाज सुधारक थे जिन्होंने अपना जीवन जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ने और हाशिए पर पड़े समुदायों के अधिकारों की वकालत करने के लिए समर्पित कर दिया। हमें उनकी शिक्षाओं का अपने जीवन में पालन करना चाहिए। इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर के प्रभारी प्रोफेसर एस.के. चहल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व संगोष्ठी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि ज्योतिबा फुले ऐसे दौर में निकले समाज सुधारक है जब चारो तरफ सामाजिक जागरूकता के अभियान चले हुए थे। उन्होंने समरसता का भाव रखते हुए शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्थान का कार्य किया। इसके बाद डॉ. अम्बेडकर व कांशी राम ने इस कार्य को आगे बढ़ाया। संगोष्ठी के गेस्ट आफ आनर रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता के प्रो. हितेन्द्र पटेल ने कहा कि ज्योतिबा फुले का काम सामाजिक न्याय, समानता और प्रगति की ओर भारत की यात्रा का आधार है। फुले सिर्फ सामाजिक सुधार नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन चाहते थे।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### इतिहासकारों ने ज्योतिराव फुले को यथा स्थान नहीं दिया: पद्मश्री प्रो. रघुवेन्द्र तंवर

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष व एमरेटस पद्मश्री प्रो. रघुवेंद्र तंवर ने कहा कि इतिहासकारों ने ज्योतिराव फुले को यथा स्थान नहीं दिया। ज्योतिबा फुले के समतामूलक और समावेशी समाज के दृष्टिकोण ने भारत में कई सामाजिक सुधार आंदोलनों की नींव रखी। उनके कार्यों ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर सहित कई समाज सुधारकों को प्रेरित किया और आधुनिक भारत की सामाजिक न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता औरंगाबाद के प्रोफेसर उमेश बागडे, ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### *8 अप्रैल को होगा समापन सत्र*

*लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 8 अप्रैल 2025 को दोपहर 12.30 बजे सीनेट हॉल में समापन सत्र में प्रोफेसर विश्वनाथ शिंदे, पूर्व निदेशक, महात्मा जोतिबा फुले चेयर, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी, पुणे मुख्य अतिथि होंगे और समापन भाषण देंगे। प्रोफेसर विक्टर बाबू, इतिहास विभाग, बीबीएयू, लखनऊ सम्मानित अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि प्रो. अर्चना मलिक-गौरे, दर्शनशास्त्र विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई, सम्मानित अतिथि होंगी तथा प्रो. सुभाष चंद्र सैनी, हिंदी विभाग, समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगे।*

**खबर संक्षेप**

### अवैध देशी कट्टे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की सीआईए वन टीम ने गांव कांजनू के पास से युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात सिपाही संदीप कुमार ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि कांजनू के पास युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है।टीम ने मौके पर जाकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहो युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव कांजनू निवासी दीपक कुमार उर्फ जंगली के रूप में हुई।

### 30 अप्रैल को होगा भव्य मेले का आयोजन

**रादौर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर 30 अप्रैल को धौलरा स्थित भगवान बलभद्र जी के मंदिर में एक दिवसीय प्रसिद्ध व ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजक व गांव धौलरा के पूर्व सरपंच संजू धौलरा ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### अवैध खनन रोकने को लेकर विभाग और प्रशासन सख्त

## जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीम ने 2619 वाहन जांचे

**चैकिंग के दौरान 5 वाहनों का चालान कर लगाया 1 लाख 68 हजार 500 रुपये का जुर्माना, उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने चैकिंग अभियान की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार खनन विभाग यमुनानगर द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत बीती रात जिला में जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा 2619 वाहनों की चैकिंग के दौरान 5 वाहनों का चालान कर 1 लाख 68 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि कार्रवाई के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1578 वाहनों की चैकिंग की गई। वहीं, एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 304 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 561 वाहनों की चैकिंग के दौरान 5 वाहनों का चालान कर 1 लाख 68 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 176 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएमए पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है।



**यमुनानगर।** चैकिंग अभियान के तहत खनिज वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीम। *फोटो : हरिभूमि*

#### वाहनों की संजीदगी के साथ की जा रही है मॉनिटरिंग

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं, नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

## तीन हजार मेडिकल भत्ता मांगा

- हरियाणा पैंशन वेलफेयर एसोसिएशन की रादौर में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

हरियाणा पैंशन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों की रादौर की कांबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य राजपाल कांबोज ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने थाइलैंड व म्यांमार में आए भूकंप में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य राजपाल कांबोज ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा में रखे प्रस्ताव में पूर्व कर्मचारियों को दो भागों में बांट दिया है। जो दिसंबर 2025 से पहले कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं दिया जाएगा। वहीं, जो कर्मचारी जनवरी 2025 के बाद सेवानिवृत्त होंगे उनको इसका लाभ दिया जाएगा। उन्होंने सरकार से इस विधेयक को वापस लिए जाने की मांग की। उन्होंने सरकार से 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर 5, 10 व 15 प्रतिशत बेसिक लाभ दिया जाए। मेडिकल भत्ता 3 हजार रुपये किया जाए। कैशलेस सुविधा को पूरी तरह लागू किया जाए।



रादौर। हरियाणा पैंशन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में भाग लेते सदस्य।

## क्लाउड कंप्यूटिंग की जानकारी दी

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में क्लाउड कंप्यूटिंग विषय पर विशेषज्ञ सत्र का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से क्लाउड कंप्यूटिंग विषय पर विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। विभाग प्रभारी उपासना सूद के मार्ग दर्शन में संपन्न किया गया। मुख्य वक्ता एवं पाइसॉफ्ट इंफोटेक मोहाली के हरीश ने क्लाउड कंप्यूटिंग की मूल अवधारणाओं, इसके आधुनिक अनुप्रयोगों और इंडस्ट्री में इसके बढ़ते उपयोग पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने रियल टाइम उदाहरणों के माध्यम से विषय को ओर भी रोचक बनाया तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्लाउड टेक्नोलॉजी की प्रैक्टिकल समझ देना और उन्हें इंडस्ट्री के नवीनतम ट्रेंड्स से अवगत कराना रहा। विद्यार्थियों ने इस सत्र अत्यंत लाभकारी बताया। अंत में कंप्यूटर साइंस विभाग ने पाईसॉफ्ट व हरीश का आभार प्रकट किया तथा भविष्य में भी ऐसे इंडस्ट्री कनेक्ट सत्र आयोजित करने की योजना सांझा की।

## न्यू हैप्पी स्कूल में पीटीएम का आयोजन

- न्यू हैप्पी स्कूल सुढैल में अभिभावक शिक्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में सोमवार को अभिभावक व शिक्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने की। वहीं, मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने अभिभावकों का स्वागत किया।

उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों, अनुशासन व्यवस्था, शैक्षणिक दृष्टिकोण और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के दृष्टिकोण और लक्ष्य को स्पष्ट किया। उन्होंने अभिभावकों को बताया कि स्कूल किस प्रकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर प्रधानाचार्या ने विद्यालय द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों समय पालन, मूल्य शिक्षा, डिजिटल अनुशासन, शिक्षण सहयोग एवं परीक्षा प्रणाली आदि विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर अभिभावकों ने विद्यालय का भ्रमण भी किया। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए स्कूल स्टॉफ सदस्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि विद्यालय और अभिभावक एक परिवार की तरह मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कार्य करें। ऐसे सत्र एक मजबूत आधार तैयार करते हैं। जिससे शिक्षा को प्रभावी और समग्र बनाया जा सके। बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए विद्यालय और अभिभावक एक सांझी जिम्मेदारी निभाते हैं। आज का यह ओरिएंटेशन न केवल संवाद का माध्यम है। बल्कि विश्वास और सहयोग करने का एक प्रयास भी है। हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल ज्ञान देना नहीं है। बल्कि उन्हें अच्छा इंसान बनाना है।




**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में अभिभावकों को जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या। *फोटो : हरिभूमि*

## स्वस्थ रहने को संतुलित भोजन जरूरी: डॉ. निर्मल

- अंटावा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अंटावा के प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान निर्मल अस्पताल की ओर से बच्चों के लिए साव्स्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें स्वस्थ रहने के उपाय बताए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में निर्मल अस्पताल के संचालक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल सिंह ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. निर्मल सिंह ने बच्चों को बताया कि वह छोटी छोटी आदतें अपनाकर स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित रुप से स्वच्छता, पोषण, व्यायाम व नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता की शुरुआत बचपन से होनी चाहिए।

डॉ. निर्मल सिंह ने स्कूल के बच्चों के समझाया कि जीवन में छोटी छोटी बातें अपनाकर बीमारियों से बच सकते हैं और एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बच्चों को संतुलित भोजन करने की सलाह दी। इस दौरान बच्चों ने उनसे स्वस्थ जीवन जीने के लिए सवाल भी पूछे। जिनका डॉ. निर्मल सिंह व चिकित्सकों की टीम ने जवाब दिए और बच्चों को हाथ धोकर खाना खाने, साफ पानी पीने, संतुलित भोजन आदि लेने की अच्छी आदतें अपनाने की सलाह दी। डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उदेश्य बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाना रहा। ताकि वह आगे चलकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें।

मौके पर बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें बीमारियों से बचाव के लिए उपाय बताए गए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व स्टॉफ सदस्यों ने अस्पताल के चिकित्सकों का आभार प्रक्ट किया।



**यमुनानगर।** निर्मल अस्पताल में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों को स्वस्थ रहने के उपाय बताते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

### पेस्टीसाइड-खाद विक्रेता हड़ताल पर

**करनाल।** हरियाणा में बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेता हड़ताल पर चले गए हैं। बीते रोज कुरुक्षेत्र में हुए सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में 7 दिन की हड़ताल की घोषणा की गई थी। सोमवार को करनाल में भी हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। करनाल बीज मार्केट में सभी दुकानें बंद रही। जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन के जिला प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदेशभर से पांच हजार से अधिक बीज उत्पादकों, पेस्टीसाइड्स निर्माताओं व विक्रेता सरकार द्वारा बनाए गए इस कानून के विरोध में हैं। नए कानून को वापस लेने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कानून में व्यापारियों के खिलाफ असंगत धाराएं लगाई गई हैं।

## तुषार बने छात्र संगठन इकाई के जिला अध्यक्ष

- भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के छात्र संगठन के सदस्यों की आयोजित हुई बैठक
- भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने बैठक में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) छात्र संगठन की शहर में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुख्यातिथि के रुप में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने की। इस दौरान तुषार गुंदियाना को भाकियू (चढूनी) छात्र संगठन का जिला अध्यक्ष बनाया गया। भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी चरम पर है। देश का युवा विदेश में नौकरियां ढूंढने जा रहा है। बच्चों को आज अपने रोजगार और नौकरियों की नहीं बल्कि जीवन बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था कुछ पूंजीपतियों के हाथ में है। आज छोटा उद्योग, किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी सब खत्म हो रहा है। मात्र नौ पूंजीपतियों के पास देश की 50 करोड़ जनता के बराबर की संपत्ति है। आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है। इसके लिए हम सभी को इकट्ठा होकर इस लड़ाई को लड़ना है। इसी सोच के साथ हमने युवा छात्र संगठन का गठन किया है। जिसके माध्यम से हमारे परिवारों के बच्चे समाज में शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। केवल अपने छात्र जीवन के अलावा सामाजिक तौर पर भी कोई अगर जरूरत पड़ती है तो यह वहां भी आगे आएंगे। चढूनी ने बताया कि तुषार गुंदियाना को भाकियू (चढूनी) के छात्र संगठन का जिला प्रधान नियुक्त किया है। जिला कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेवारी तुषार को सौंप दी गई है।



**यमुनानगर।** आयोजित बैठक में भाकियू के छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष तुषार गुंदियाना को पटका पहनाकर पद ग्रहण करवाते हुए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह गुंदियाना व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### संगठन को करेंगे मजबूत

मौके पर नवनियुक्त जिला छात्र संगठन के प्रधान तुषार गुंदियाना ने कहा कि संगठन की ओर से जो उन्हें जिम्मेदारी दी गई है वह उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। वह संगठन को मजबूत कर समाजहित और किसान हित में काम करेंगे।

## संजीव पहलवान का किया स्वागत

- मंधार में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने संजीव पहलवान को पटका पहनाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ऑल इंडिया दंगल एसोसिएशन की ओर से संजीव पहलवान अलाहर को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने का क्षेत्र के लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। सोमवार को गांव मंधार में मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने पटका पहनाकर संजीव पहलवान को सम्मानित किया। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव पहलवान अलाहर ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव आयोजित किया गया था। उनका मुकाबला नामी पहलवान रूस्तम से था। उनको कुल वोट में से 365 वोट अधिक पड़े। उनका उद्देश्य रादौर विधानसभा क्षेत्र से युवाओं को पहलवानी के लिए प्रोत्साहित कर पहलवान बनाना है।

पहलवानी के लिए अखाड़े बनाए जायेंगे। जिसमें युवा कसरत करके अपने शरीर को मजबूत बनाकर नामी पहलवान बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि रादौर व अन्य गांवों में युवाओं को पहलवानी के प्रति जागरूक करने के लिए समय समय पर अभियान चलाये जायेंगे। मास्टर सतपाल कांबोज ने बताया कि संजीव पहलवान अलाहर ने हमेशा से ही रादौर क्षेत्र का नाम अन्य प्रदेशों में रोशन किया है। जिसको देखते हुए उनको विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। युवाओं को पहलवानी सिखाने के लिए वे भी संजीव पहलवान का पूरा सहयोग करेंगे।



**यमुनानगर।** रादौर क्षेत्र के गांव मंधार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव पहलवान अलाहर को सम्मानित करते मास्टर सतपाल कांबोज व अन्य।

## खुर्दी की टीम ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

- शहीद उधम सिंह अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का गांव बहादुरपुर में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जिले के गांव बहादुरपुर में शहीद उधम सिंह अंडर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रुप में स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कांबोज ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में बहादुरपुर के सरपंच सुशील सैनी मौजूद रहे। मुख्यातिथि विजय कांबोज व सरपंच सुशील सैनी ने संयुक्त रूप से रिबन काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में खुर्दी व नाहरपुर की टीमों ने अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता में खुर्दी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 7 विकेट खोकर 92 रन बनाए। जबकि जवाब में नाहरपुर की टीम मात्र 36 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसके बाद खुर्दी की टीम ने 56 रनों की बढ़त से प्रतियोगिता जीत ली। मुख्यातिथि विजय कांबोज व सरपंच सुशील सैनी ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।



**यमुनानगर।** गांव बहादुरपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### जय दुर्गा मंदिर में आयोजित हुआ मां दुर्गा का जागरण

## मां के जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- जागरण में भजन गायक श्याम लाल सैनी, कमल प्रजापत आदि गायकों ने भजनों के माध्यम से मां का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के माता मोहल्ला में स्थित जय दुर्गा मंदिर में 56 वें मां के जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ नगरपालिका के चेयरमैन रजनीश मेहता ने किया। जय दुर्गा मंदिर कमेटी के प्रधान मास्टर अरविंद रोहिल ने जागरण में अपना पूर्ण योगदान दिया। मंदिर कमेटी के प्रधान मास्टर अरविंद रोहिला ने बताया कि मां के जागरण में माता दुर्गा का भव्य दरबार सजाया गया। इस दौरान दरबार में मां दुर्गा समेत गणेश और अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों को आकर्षक रुप से सजाया गया था।

जागरण के शुभारंभ से पहले पंडित रमेश चंद पन्यूली ने हवन यज्ञ संपन्न करवाया। इसके बाद भजन गायक श्याम लाल सैनी, कमल प्रजापत, सुभाष रोहिला, जगदीश बावरा, रामकिशन रोहिला, दिलबाग बग्गा आदि ने माता की सुंदर भेंटे गाकर सबका मन मोह लिया। जागरण के समापन पर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन करवाया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



**यमुनानगर।** रादौर में जयदुर्गा मंदिर में आयोजित मां के जागरण में भजनों के माध्यम से मां का गुणगान करते हुए भजन गायक। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मोजूद

इस अवसर पर राजीव रोहिला, भूरा, राजेश रोहिला पौंटासाहिब, ओमबीर सिंह, बलजीत रोहिला, कृष्ण गोपाल रोहिला, पवन रोहिला, प्रवीण रोहिला, विनोद, मुकेश, राकेश व दिनेश आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### भाविप की कुरुक्षेत्र शाखा के अध्यक्ष बने विजयंत

कुरुक्षेत्र। भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा दायित्व ग्रहण समारोह व भजन संध्या का आयोजन गीता निकेतन आवासीय विद्यालय परिसर में विद्या भारती सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा का 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण व 10 नए सद्स्यों का शपथ ग्रहण समारोह भी सम्पन्न हुआ। भारत विकास परिषद की ओर से कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता, दायित्व प्रदाता के रूप में प्रान्तीय महासचिव अतुल गोयल ने भूमिका निभाई। अतुल गोयल द्वारा नई कार्यकारिणी को अपने पद की पवित्रता को बनाये रखने की शपथ दिलाई गई।

### पर्यटकों के लिए बसें चलाई जाएं : बवेजा

कुरुक्षेत्र। ग्लोबल इवेंट्स आग्रेनाइजेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि अंबाला की तर्ज पर कुरुक्षेत्र में भी पर्यटकों के लिए दो बसे चलाई जाए। इन बसों में टूरिस्ट गाइड लगाए जाए जोकि धर्मनगरी के धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों का पर्यटकों को अवलोकन करवाएं। बवेजा ने कहा कि कुरुक्षेत्र सीएम सिटी है। ऐसे में मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेवारी लेकर तुरंत पर्यटक बस चलाकर प्रदेश व देश का नाम ऊंचा करे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन

# संतुलित आहार, भरपूर नींद व व्यायाम स्वस्थ जीवन शैली का अंग : गुलशन

- नवयुग स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन
- कक्षा प्री नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों को हैंड वॉश एक्टिविटी करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। कक्षा प्री नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों द्वारा हैंड वॉश एक्टिविटी करवाई गई तथा उसका महत्व उन्हें बताया गया। कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों को संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवन शैली पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। कक्षा षष्ठम से द्वादश के विद्यार्थियों के लिए विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा द्वादश की छात्रा खुशी ने विश्व स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बताया। अध्यापक गुलशन लाल ने बताया कि हर साल दुनिया भर में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन विश्व भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विषयों और स्वास्थ्य के अधिकार के बारे में जागरूक किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना दिवस के दिन मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष एक थीम चुनी जाती है। इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य है। इसके साथ ही उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संतुलित आहार, भरपूर नींद,व्यायाम, आदि स्वस्थ जीवन शैली का अंग हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, मीनाक्षी, सीमा, नैन्सी, परमज्योति, नीतू, सोनिया, रजनी, पायल, मोनिका,रिहाना, हरिंदर, पूनम, आशा, स्मृति, अंजलि, कोमल, स्वाति, गीता, रीना, मधु, रेनू, कल्पना, तिलेशा, स्नेह, अध्यापक शक्ति प्रकाश, ईशांत सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रकृति के नियमों का पालन करें : डॉ संजय शर्मा

कुरुक्षेत्र। पराशक्ति साधक वेद पाठशाला चेरीटेबल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर मां कात्यायनी मंदिर, पुरषोत्तमपुरा बाग में लगाया गया।शिविर में डॉ. संजय शर्मा वरिष्ठ आयुवेर्दाचार्य ने कहा कि स्वास्थ्य कोई संयोग नहीं, बल्कि सजगता का परिणाम है। यदि हम प्रकृति के नियमों नियमित सैर, योग, प्राणायाम, ध्यान तथा सुपाच्य व सात्त्विक आहार आदि का अनुकरण करें, तो हम एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य का विज्ञान है। यह केवल रोगों का उपचार नहीं, अपितु उनके मूल कारणों का निवारण करता है। दवाओं से अधिक जीवनशैली को प्राथमिकता देता है। यह हमें सिखाता है कि स्वस्थ रहना एक अनुशासन है, न कि केवल आवश्यकता। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 1991वें निशुल्क कैंप में 104 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। कैंप में सभी टैस्ट अतुल्य हेल्थ केयर लैब कुरुक्षेत्र के सत्यम व पंकज ने किए। इस अवसर पर ट्रस्ट के सरंक्षक पंडित बलराम गौतम ने डॉ संजय शर्मा और अतुल्य हेल्थ केयर लैब टीम का अभिनन्दन किया। शिविर में आचार्य एस.एन. गौतम, पंडित गोपाल, गौतम, पंडित अनिल गौतम, रूद्र, शुभम, राहुल, इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया।



### किड्स डीपीएस में डेंटल चेकअप कैंप आयोजित

*कुरुक्षेत्र। किड्स डीपीएस स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कक्षा प्री-नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए डेंटल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. भूमिका खन्ना झाम्ब ने बच्चों के दांतों की जांच की और परामर्श दिया। 4 घंटे चले कैंप में स्कूल के 123 बच्चों के दांतों की जांच की गई और उन्हें दांतों के सही रखरखाव के उपाय बताए गए। प्रधानाचार्या श्री मती साक्षी गाबा ने बताया कि प्रत्येक बच्चे का डेंटल हेल्थ रिपोर्ट कार्ड तैयार कर उन्हें दिया गया है। साथ ही बच्चों के वजन व उनकी लंबाई भी मापी गई। डॉक्टर नीरज एवं डॉ भूमिका ने बच्चों को बताया कि जितनी जरूरत दांतों की देखभाल की होती है उतनी ही जरूरत मसूड़ों की देखभाल की भी होती है। क्योंकि मसूड़े जितने मजबूत होंगे दांत भी उतने ही मजबूत रहेंगे। हमें ब्रश करने की क्रिया को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए।*

## छात्र संख्या बढ़ाने के लिए मिशन मोड में करें काम : सुभाष सुधा

*पूर्व राज्यमंत्री ने प्रचार रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने सोमवार को गहन मंथन कर प्रभावी रणनीति तैयार की। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के केशव सभागार में जिलाभर के स्कूल मुखियाओं के साथ खंड व जिलास्तर के शिक्षा विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रचार हेतू शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभागार में चले मंथन में प्रवेश उत्सव, विद्या प्रवेश, क्लास रेडिनेस प्रोग्राम, एफएलएन व निपुण हरियाणा जैसे कार्यक्रमों पर भी गहन विचार विर्मश कर क्रियान्वयन की रणनीति बनाई गई। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा सरकारों ने प्रदेश में स्कूलों की दशा व दिशा में बड़ा बदलाव किया है। आज प्रदेश के सरकारी स्कूल इंटरनेट, स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर आदि सुविधाओं से लैस हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा गांव-गांव भेजा जा रहा शिक्षा रथ लोगों में सरकारी विद्यालयों के प्रति जागृति लाएगा तथा दाखिले बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। जिला शिक्षा अधिकारी सन्तोष शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए है कहा कि पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के प्रयास से जिले के अनेक स्कूलों की तस्वीर बदली है। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी सन्तोष शर्मा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, बीईओ थानेसर इंदु कौशिक, बीईओ बाबैन सन्तोष चौहान आदि मौजूद रहे।

### भगवान राम सत्यम शिवम सुन्दरम की त्रिवेणी



कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी द्वारा रचित ग्रंथ श्री सिद्धार्थ रामायण' है जिसमें पूर्ण अध्यात्म समाहित है। रामकथा द्वारा भगवान राम के जीवन और साधना सूत्रों से निर्गुण ब्रह्म के रहस्यो का समन्वय,सरल भाषा में है। सनातन धर्म को मानने वाले सनातनी के घर में इसकी प्रति होनी ही चाहिए जिसे समर्थगुरु धाम मुरथल गैलेरिया से प्राप्त कर सकते है। भगवान राम विष्णु के अवतार हैं। वे सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति के आधार हैं। वे सत्यम् शिवम् सुन्दरम् के त्रिवेणी हैं। वे युग पुरुष हैं जिन्होंने त्रेतायुग में आसुरी शक्तियों को परास्त कर सत्धर्म की स्थापना की। राम नवमी के पावन अवसर पर श्री सिद्धार्थ रामायण ग्रंथ का विमोचन किया।

## न्यूज डायरी

### हरियाणा सरकार रिटायर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही : प्रेम सिंह

कुरुक्षेत्र। रिटायर कर्मचारी संगठन हरियाणा 1968 जिला कार्यकारिणी की मासिक मीटिंग जिला वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्र बारवा की अध्यक्षता में नजदीक नया बस स्टैंड स्थानीय ताज पार्क में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव बरखाराम जास्ट ने किया। मीटिंग में विशेष कर प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान सरदार प्रेम सिंह बेरथली व राज्य उप महासचिव राजपाल गुंसर उपस्थित रहे।



संचालन जिला सचिव बरखाराम जास्ट ने किया। मीटिंग में संगठन से संबंधित सभी ब्लॉकों के प्रधान/सचिवों ने भाग लिया बरखाराम जास्ट ने बताया कि 30 मार्च 2025 को महेंद्रगढ़ की यादव धर्मशाला में हुए त्रिवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से सरदार प्रेम सिंह बेरथली को प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान, राजपाल गुंसर को प्रांतीय उप महासचिव नियुक्त किया गया है जो जिला संगठन के लिए अति गौरव का विषय है। प्रेम सिंह बेरथली ने कहा कि हरियाणा सरकार रिटायर कर्मचारियों की मांगों को लेकर लटकाऊ व टरकाऊ की नीति अपनाते हुए मांगो के अनदेखी कर रही है जिसको लेकर प्रदेश भर के रिटायर कर्मचारी साथियों में भारी रोष है।

### आत्म साक्षात्कार करना ही मानव जीवन का मूल आधार : साध्वी रूपेश्वरी भारती

कुरुक्षेत्र। सेक्टर 7 में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा एक दिवसीय साधना शिविर का आयोजन किया गया। साधना शिविर के दौरान दिव्य गुरू श्रीआशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री रूपेश्वरी भारती ने उपस्थित साधक जनों को ध्यान साधना का महत्व समझाते हुए कहा कि मानव तन सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ संरचना है इसलिए मानव को ही सृष्टि का सिरमौर कहा गया है।लेकिन आज



के परिप्रेक्ष्य में मानव जीवन ही सबसे अधिक दुःख, पीड़ा एवं कष्टों का सामना कर रहा है क्योंकि कोई भी वृक्ष अपने मूल से अलग होकर अधिक समय तक हरा भरा नहीं रह सकता, इसी प्रकार आज मनुष्य का जीवन भी अपने मूल आधार से टूट चुका है। स्वामीजी ने विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान के द्वारा आत्म साक्षात्कार करना ही मानव जीवन का मूल आधार है। ध्यान साधना का किसी विशेष धर्म या संप्रदाय से कोई संबंध नहीं है अपितु इसका संबंध मानव मन की उपयोगिता से हैं। ध्यान साधना हमारे स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण तीनों स्तरों पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

### बिजली दरों में वृद्धि जनविरोधी निर्णय : बवेजा

कुरुक्षेत्र। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि हरियाणा के लोगों के दुखों को केवल रणदीप सुरजेवाला वाला ही समझता है



और अपनी आवाज हमेशा बुलन्द रखता है। चाहे मुद्दा बेरोजगारी, किसानी, भ्रष्टाचारी, टैक्सो की भरमार, बलात्कार, विकास का हो रणदीप सुरजेवाला सरकार को समय-समय पर चेताने का काम करते रहते है। कांग्रेस पार्टी के लिए काम करने में लगे रहते है। इसी प्रकार कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला हल्का कैथल और हरियाणा के मुद्दों को विधानसभा में पुरजोर उठाते रहते है और अपने पिता और दादा के दिखाए रास्ते पर चल कर हल्के के विकास पर दिन रात काम करते है। बिजली बिलों की बढ़ी दरों को लेकर रणदीप सुरजेवाला ने कार्यकतार्ओं के साथ कैथल में प्रदर्शन किया और जनता की पीड़ा को समझा और जुमलेबाज सरकार को जमकर कोसा। बवेजा ने कहा कि बिजली दरों में की गई वृद्धि जनविरोधी निर्णय है। किसान, मजदूर व छोटे दुकानदारों के लिए यह वृद्धि असहनीय है। सरकार को बिजली दरों में वृद्धि करने की बजाए आम व मध्यम वर्ग के लोगों को राहत देनी चाहिए थी।

### निकेतन विद्या मंदिर स्कूल में रामनवमी के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का किया आयोजन



कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में रामनवमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह सदन द्वारा किया गया। विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुलश्रेष्ठ पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान निदेशक श्रीमद् भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का आगमन रहा। इस अवसर पर विद्यालय में राम स्तुति पाठ किया गया एवं कक्षा प्रभात के छात्रों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर कविता प्रस्तुत की गई।

## उद्यमी जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने गांव धंतोड़ी में उद्यमी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 51 महिलाओं ने भाग लिया। वितीय साक्षारता परामर्शदाता ओम दत शर्मा तथा एम.एस.एम.ई.विभाग कुरुक्षेत्र से सुदीप कुमार ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। सुदीप कुमार ने कहा कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में लगा हुआ है और उन्हें विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण दे आत्म निर्भर बना रहा है। उन्होने कहा की प्रशिक्षण उपरांत आप अपना रोजगार शुरू करने के लिए जिला उद्योग केंद्र, कुरुक्षेत्र के माध्यम से लोन अप्लाई कर सबसिडी का लाभ उठा सकते हैं। आरसेटी के संकाय राजेश कुमार ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने ग्रामीण बेरोजगार युवकों / युवतियों जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है और जो पढना लिखना जानते हों को स्वरोजगार प्रदान करने के उदेश्य से देश भर के 584जिलों में कौशल विकास के लिए 598 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खोले गए हैं।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट ने दी स्वास्थ्य सेवाएं



थानेसर। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा सैक्टर 8 के पार्क में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 41 लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दी गई। इन कैंपों में 31 लोगों के ब्लड और यूरिन के टेस्ट भी किए गए। इस मौके पर डॉक्टर द्वारा मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।

## पैस्टीसाइडस विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- दुकानों को किया बंद, सरकार के खिलाफ जताया रोष

हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड़स व पैस्टीसाइडस एक्ट 2025 के विरोध मे बाबैन के सभी सीड़स व पैस्टीसाइडस विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रख कर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान अश्वनी सिंगला ने कहा कि प्रदेशस्तरीय संगठन के आह्वान पर हम सभी बीज व कीटनाशक विक्रेताओं ने अपनी दुकानें सात दिन के लिए बंद करने का निर्णय लिया है यदि सरकार इस कानून को वापिस नही लेती तो दुकानदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार के संशोधित कानून मे विक्रताओं के लिए कड़ी धाराएं लगाई गई है,जिससे किसी भी आदमी का इस व्यापार मे रहना संभव नही है। उन्होंने कहा कि हम अमानक बीज या कीटनाशक बेचने के पक्षधर नही है,



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते बाबैन के दुकानदार।

लेकिन इस तरह के कानून कहीं न कहीं व्यापारियों का मनोबल गिराने अथवा उन्हें अपराधी दशार्ने का संकेत देते है। उन्होंने कहा कि किसी भी बीज या कीटनाशक के अमानक पाए जाने पर विक्रेता को दोषी नही ठहराया जा सकता, क्योंकि वह केवल विक्रेता है न कि निमार्ता। उन्होंने कहा कि कीटनाशक विक्रेता केवल मात्र कम्पनी द्वारा बनाए डिब्बा बंद उत्पाद ही बेचते है जिस उत्पाद को बेचने की अनुमति सरकार देती है।

## खिजरपुरा के सरपंच ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के मीडिया एडवाइजर को सौंपा मांग पत्र

- गांव में अंबेडकर भवन, कम्यूनिटी सेंटर, बीसी चौपाल और खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मीडिया एडवाइजर सुदेश कटारिया को गांव खिजरपुरा के सरपंच अनिल कुमार धन्ना ने मांग पत्र सौंपा। खिजरपुरा के सरपंच ने गांव में अंबेडकर भवन, कम्यूनिटी सेंटर, बीसी चौपाल और खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के मीडिया एडवाइजर सुदेश कटारिया ने आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत से संबंधित मांग पत्र को हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को भिजवाया जाएगा और उन्हें पूरा कराया जाएगा। सरपंच अनिल कुमार धन्ना ने मांग पत्र में मांग कि गांव अंबेडकर भवन बनाने की बेहद आश्यकता है, अंबेडकर भवन में डिजिटल लाईब्रेरी बनने से युवा भर्तियों की तैयारी आसानी से कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने गांव में बीसी चौपाल बनाने की मांग की। सरपंच ने केंद्रीय मंत्री के मीडिया एडवाइजर को अवगत कराया कि बीसी वर्ग के पास विवाह-शादी, धार्मिक कार्यक्रम और पारिवारिक आयोजनों के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं है।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती पर जताया आभार

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुर्वेद वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में राज्य में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण करने, योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने तथा स्टेशन आवंटित करने के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। डॉ. सुरेश शर्मा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जानकारी दी कि प्रदेश भर में 529 और कुरुक्षेत्र जिले में 28 आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों ने विभिन्न आयुर्वेदिक डिस्पेंसरियों, ग्रामीण व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं।

## गांव जुरासी में संत बाबा मान सिंह की दूसरी बरसी पर समागम शुरू

हरिभूमि न्यूज. पिहोवा।

संत बाबा मान सिंह की दूसरी बरसी को समर्पित तीन दिवसीय समागम पर गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार जरासी में समागम शुरू हुआ। संत बाबा मणी सिंह व समागम में पहुंचे अन्य सभी संतो महापुरुषों ने संत बाबा मान सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा में संत बाबा मानसिंह का अतुल्य योगदान रहा। क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए उन्होंने स्कूल, अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज व महिला डिग्री कॉलेज



आदि की स्थापना की। देश के किसी भी हिस्से में जब मानवता पर संकट आया तो संत बाबा मान सिंह ने लंगर सेवा और चिकित्सा सुविधा के जरिए सभी की मदद की। उन्होंने उपस्थित संगत से कहा कि सभी धर्मों का सत्कार करें। हमेशा भाईचारे की भावना का प्रसार करें।

**जांच** | पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने थानेसर अनाजमंडी का किया निरीक्षण

# गेहूं खरीद कार्य के प्रबंधों में थोड़ी भी लापरवाही बरती तो होगी कार्रवाई : सुधा

मंडियों में किसानों, व्यापारियों और मजदूरों के लिए सरकार की हिदायतों के अनुसार सभी पुख्ता इंतजाम किए जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की अनाज मंडियों और खरीद केन्द्रों पर गेहूं के खरीद कार्य के प्रबंधों में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस सीजन में अधिकारी कर्मचारी पूरी गंभीरता के साथ गेहूं की खरीद कार्य को करेंगे। इसके साथ ही मंडियों में किसानों, व्यापारियों और मजदूरों के लिए सरकार की हिदायतों के अनुसार सभी पुख्ता इंतजाम पूरे होने चाहिए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को थानेसर अनाजमंडी में गेहूं खरीद



कार्य को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने थानेसर अनाजमंडी का औचक निरीक्षण कर गेहूं की नमी को चैक किया। यहां पर किसानों, व्यापारियों और मजदूरों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इस बातचीत के दौरान मिली फीडबैक के आधार पर पूर्व राज्यमंत्री ने मौके पर ही खादय आपूर्ति विभाग के निदेशक से दूरभाष पर बातचीत कर बारदाने की कमी की समस्या को दूर करने के लिए कहा। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट की एजेंसी नियुक्त करने से सम्बन्धित तमाम औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

### ऐलिवेटिड रेल ट्रैक का कार्य जल्द होगा पूरा

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा ऐलिवेटिड रेल ट्रैक परियोजना का कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। इस परियोजना के तहत पुराने रेलवे स्टेशन के भवन का निर्माण किया जाना है और उसको ट्रैक की लाइन से जोड़कर बनाया जाएगा। इस परियोजना पर सरकार नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर रही है।

### पीएम 14 को प्रदेश वासियों को देंगे सौगात

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हरियाणा में आ रहे है। इस दौरान हिसार को एयरपोर्ट और यमुनानगर को थर्मल प्लांट की करोड़ों रुपए की सौगात देंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में तीन गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मनोज, सौदाम व शफीक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को सात दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। जींद के नवीन ने 21 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने इस्टमैन ऑटो एंड पवार लिमिटेड कंपनी से ट्रक में बैटरियों को लादकर असम न पहुंचाकर धोखाधड़ी कर विश्वासघात करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि प्रयास यह रहना चाहिए कि समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द हो। जिन समस्याओं के समाधान करने में किसी प्रकार का समय लगना है ऐसी समस्याओं के बारे में शिकायतकर्ता को भी अवगत करवाए।

### फसलों की कटाई का किया निरीक्षण

**अंबाला।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अंतर्गत मौजूदा सीजन रबी 2024-25 में गेंहू, सरसों, सुरजमुखी, जौं तथा चना की फसलों के बीमे का प्रावधान है जिसके तहत प्रत्येक गांव में चार-चार फसल कटाई प्रयोग कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए जाने है। इसी कड़ी में मंजीत कौर (सहायक सांख्यिकी अधिकारी), कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सीजन रबी 2024-25 के दौरान गांव छपरा में गेंहू की फसल के कटाई का निरीक्षण किया गया।

### नगराधीश ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर मे पहुंचे प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को गंभीरता से समाधान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दे रहे थे। नगराधीश ने समाधान शिविर में पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना और समाधान करने के निर्देश दिए।गर्ग ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिलास्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

---

जांच के दौरान जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था करने के आदेश

# डोमेस्टिक एयरपोर्ट से चार जगह के लिए हवाई जहाज भरेंगे उड़ान, विज ने किया मुआयना

- सुरक्षा के लिए कोलकाता से पहुंचे मल्टीपल सिक्योरिटी इक्यूपमेंट्स
- अंबाला छावनी डोमेस्टिक एयरपोर्ट से पहले देश के चार प्रमुख स्थानों जम्मू, अयोध्या, श्रीनगर और लखनऊ के लिए फ्लाइट शुरू हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुआयना करते परिवहन मंत्री अनिल विज



**अंबाला।** डोमेस्टिक एयरपोर्ट का मुआयना करते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सोमवार को डोमेस्टिक एयरपोर्ट का मुआयना किया। मौके पर मौजूद डीसी अजय तोमर, नगर निगम आयुक्तएवं अन्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। विज ने बताया कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट में सुरक्षा के लिए कोलकाता से मल्टीपल सिक्योरिटी इक्यूपमेंट अंबाला छावनी में पहुंच चुके हैं। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि इन उपकरणों में अंडर व्हीकल सर्च मिरर के अलावा एक्सप्लोसिव चेक, ड्रग चैक एवं अन्य तरह के आधुनिक उपकरण शामिल हैं। विज ने बताया कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर यात्रियों के सामान को चेक करने के लिए दो एक्सरे मशीन भी इंस्टाल कर दी गई है। एक मशीन हैंड बैगेज चेक करने के लिए लगाई गई है जबकि दूसरी लगेज को चेक करेगी। एयरपोर्ट पर उन्होंने मशीनों को भी चेक किया। उन्होंने मौके पर मौजूद डीसी अजय तोमर को डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर स्टाफ की शीघ्र तैनाती को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि डीसी सेंट्रल एविएशन और स्टेट एविएशन मंत्रालय से बातचीत करें ताकि स्टाफ को जल्द तैनात किया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने एयरपोर्ट पर साफ सफाई पूरी तरह से बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एयरपोर्ट पर शौचालयों, वेटिंग रूम, हॉल, पार्किंग व आउटर एरिया की पूरी सफाई नियमित तौर पर की जाए। इसी प्रकार एयरपोर्ट पर पानी की सप्लाई को लेकर पब्लिक हेल्थ विभाग के एक्सइएन को दिशा-निर्देश दिए।

**अच्छे पौधे लगाएं**

उन्होंने कहा किसी कार्य में कोई रुकावट न आए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

विज ने एयरपोर्ट पर खाली भूमि पर पीडब्ल्यूडी बागवानी विभाग को भी सुंदर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा पूरे क्षेत्र में अच्छे पौधे लगाकर इसे पूरी तरह से खूबसूरत बनाया जाए। गौरतलब है कि अंबाला छावनी में डॉमेस्टिक एयरपोर्ट स्थापित हो सका है जहां से जल्द विमान सेवा प्रारंभ होगी। विमान सेवा प्रारंभ करने को लेकर कुछ समय पूर्व विज ने केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की थी जिसके बाद तुरंत प्रभाव से इस कार्य ने तेजी पकड़ी। यहां की व्यवस्थाएं पूरी की गई। एयरपोर्ट की सभी इमारतें पूरी तरह से तैयार हैं। यहां सुरक्षा स्टाफ भी तैनात हो चुका है। अंबाला छावनी डोमेस्टिक एयरपोर्ट से पहले देश के चार प्रमुख स्थानों जम्मू, अयोध्या, श्रीनगर और लखनऊ के लिए फ्लाइट शुरू हो रही है। यहां डॉमेस्टिक एयरपोर्ट बनने से अंबाला के आसपास शहरों के अलावा अन्य राज्यों के लोगों को भी विमान सेवा का लाभ मिलेगा।

---



अंबाला। शील्ड व प्रमाण पत्र के साथ छात्र। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय पीजी महाविद्यालय में एप्टीट्यूड टेस्ट प्रतियोगिता में हिमांशु ने मारी बाजी

**अंबाला।** राजकीय पीजी महाविद्यालय, अंबाला छावनी के गणित विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी सैनी के दिशा-निर्देशन में एप्टीट्यूड टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता गणित, सामान्य ज्ञान, रीजनिंग एवं अंग्रेज़ी पर आधारित थी। सभी प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशु (बीएससी प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान शिवांश (बीएससी प्रथम वर्ष) और तृतीय स्थान हर्षल (बीकॉम प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा ने विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



नारायणगढ़ गेहूं की कटाई का मुआयना करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से हो रही गेहूं की खरीद

**नारायणगढ़।** अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद हैफेड और वेयर हाउस द्वारा की जाएगी। मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को हैफेड द्वारा तथा मंगलवार, वीरवार, शनिवार तथा रविवार को वेयर हाउस द्वारा गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोमवार को हैफेड द्वारा गेहूं की खरीद की गई है। खरीद सीजन को देखते हुए मंडी में बिजली, पानी, स्ट्रीट लाईट, शौचालय तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई है। जिससे कि गेहूं की उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए। सरकार द्वारा गेहूं का निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

---

## भाजपा के स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों ने पार्टी के इतिहास पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को पूर्व निगम सदस्य जसवीर सिंह जस्सी के निवास स्थान वार्ड नंबर 9 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वार्ड नंबर 9 के परिवार जनों को संबोधित करते हुए नप सदस्य रेनू चौहान ने पार्टी के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कार्यक्रम में आने पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण कौर ने स्वच्छ अंबाला छावनी के अपने संकल्प को दोहराया। पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजेंद्र चौहान ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण कौर, वार्ड नंबर 9 के सदस्य रेनू चौहान पूर्व सदस्य जसबीर सिंह से सदस्य बलविंदर कौर ,महेंद्र सेठी, महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा पुरी, सुरेंद्र सेठी, वीके वैद शक्ति केंद्र प्रमुख नीरज शर्मा, बूथ अध्यक्ष सुनील कनौजिया ,मदनलाल ,अमरजीत, पवन कुमार, मुन्ना, विवेक वैद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा ,महामंत्री पुनीत सरपाल अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान भाजपा के पदाधिकारी।



नए शिक्षा सत्र के दौरान मौजूद प्रिंसिपल व अन्य।

### यज्ञ के साथ डीएवी स्कूल में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

**अंबाला।** डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में सोमवार को विद्यालय में हुआ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ हुआ। इस सत्र का आरंभ करते हुए विद्यालय में यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आरआर सूरी व मुख्य अतिथि शेनू अग्रवाल(सीए)ने विद्यालय में आए नए छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा कर व उनको तिलक लगाकर शुभ आशीष दिया। छात्रों को नियंत्रण प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने व प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय में कार्टून डोरेमोन ने बच्चों को टॉफियां वितरित की व उनका मनोरंजन किया।

## ओजस में फिजिशियन-मॉडिफाइड फेनेस्ट्रेटेड एंडोवैस्कुलर एनेयुरिजज्म रिपेयर सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

अल्केमिस्ट हॉस्पिटल्स की यूनिट ओजस हॉस्पिटल, पंचकूला में 73 वर्षीय महिला मरीज में जीवन के लिए खतरा बनी ऐऑर्टिक (महाधमनी) एन्यूरिज़म का क्षेत्र की पहली फिजिशियन-मॉडिफाइड फेनेस्ट्रेटेड एंडोवैस्कुलर एनेयुरिज़्म रिपेयर (ईवीएआर) सर्जरी दुवारा सफलतापूर्वक इलाज किया गया। यह जटिल लेकिन मिनिमली इनवेसिव सर्जरी, वैस्कुलर केयर के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है और ट्राईसिटी में अब तक की गई केवल पांच ऐसी सर्जरियों में से एक है। मरीज की ऐऑर्टिक में 6 सेंटीमीटर चौड़ा एन्यूरिज़म था जो दिल से पूरे शरीर में खून पहुंचाने वाली मुख्य धमनी का खतरनाक रूप से फूल जाना होता है।



यदि इसका इलाज न किया जाए तो इसके फटने का खतरा होता है, जिससे मृत्यु दर 80-90 प्रतिशत तक होती है। पारंपरिक ओपन सर्जरी जो अब तक इसका एकमात्र इलाज था , बुज़ुर्ग मरीजों के लिए अत्यधिक जोखिम भरा होता है, जिसमें 7-8 घंटे की सर्जरी और दोनों किडनियों व आंतों की धमनी के बायपास शामिल होते हैं। इन जटिलताओं से बचने के लिए, ओजस और एल्केमिस्ट हॉस्पिटल के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जन डॉ अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में वैस्कुलर टीम ने फिजिशियन-मॉडिफाइड फेनेस्ट्रेटेड तकनीक अपनाई। डॉ अग्रवाल ने बताया, यह अत्याधुनिक प्रक्रिया हमें ऑपरेशन टेबल पर ही स्टेंट में छोटी-छोटी फेनेस्ट्रेशन (होल) बनाकर उसे मरीज की स्थिति के अनुसार अनुकूलित करने की सुविधा देती है, ताकि मुख्य धमनी से निकलने वाली किडनी और आंतों की महत्वपूर्ण धमनियों में रक्त प्रवाह बना रहे। श्स्टेंट शरीर के अंदर लगाने के बाद इन फेनेस्ट्रेशन के माध्यम से चार अतिरिक्त स्टेंट डाले जाते हैं ताकि आवश्यक अंगों तक निरंतर रक्त आपूर्ति बनी रहे। पूरी सर्जरी केवल 3 सेंटीमीटर की छोटी सी चीरा से की गई जो पारंपरिक ओपन सर्जरी में लगने वाले बड़े चीरे की तुलना में कहीं कम है, और मरीज को मात्र दो दिन बाद ही स्थिर स्थिति में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

---

## स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देना युवा पीढ़ी के लिए जरूरी

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस विभाग की ओर से प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी की देखरेख में किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर आधारित थी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, पर्याप्त विश्राम, धूम्रपान व शराब से दूरी, और शिशु को स्तनपान कराना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत जरूरी है। डॉ. विज ने छात्राओं से अपने स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने और संतुलित पौष्टिक आहार को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने भी छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि जीवन की असली संपत्ति अच्छा स्वास्थ्य है। उन्होंने कहा की गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित जांच, जरूरी है।

### पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस के बढ़े दामों से टूटेगी जनता की कमर: जैन

**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने केंद्र सरकार ओर से पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस के दाम बढ़ाए जाने का कड़ा विरोध किया है।



रोहित जैन

उन्होंने कहा कि जनता पहले ही महंगाई की मार से त्रस्त है। ऐसे में अब सरकार ने जनता पर पेट्रोल डीजल व एलपीजी के दाम बढ़ाकर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। जैन ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनावों में जनता के वोट लेने से पहले उन्हें महंगाई कम करने के लुभावने लालच दिए थे। सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार लगातार जनता पर जुल्म कर रही है। उन्होंने कहा की इससे पहले राज्य सरकार ने हरियाणा मे 1 अप्रैल 2025 से बिजली दरों में तीन महीनों में 67 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई गईं थी लेकिन अब पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ाकर लोगों पर राज्य व केंद्र सरकार ने दोहरी मार डाली है।

एक सप्ताह तक दुकानें बंद रखने का फैसला, नए कानून पर उठाए सवाल

## राज्य सरकार के नए फरमान का विरोध 1600 बीज विक्रेता हड़ताल पर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नए बीज कानून का हर तरफ विरोध हो रहा है। सोमवार को जिले में करीब 1600 बीज विक्रेताओं ने दुकानें बंदकर सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया। इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ बीज विक्रेताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। अंबाला सीड पेस्टेसाइट फर्टिलाइजर डीलर एसोसिएशन के प्रधान राजकुमार गुप्ता ने कहा कि नए कानून में पुलिस की संलिप्ता से दुकानदारों की परेशानी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष कृषि विभाग के अधिकारी बीजों की गुणवत्ता की जांच करते हैं। अगर किसी भी प्रकार की कमी निकलती थी तो मामला कोर्ट के अधीन चला जाता था।



सरकार के फैसले का विरोध करते बीज विक्रेता।

जिसमें दुकानदारों को राहत मिलती थी। उन्होंने कहा कि निर्माता कंपनी से बीज खरीदता है और उसे बेचता है। दुकानदार कंपनी से ही बीज खरदीता है। अगर कोई कमी मिलती है तो उसमें कंपनी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

---

सख्ती | इस साल बरसाती पानी से शहर को बचाने की कवायद तेज

## बरसाती सीजन से पहले नालों की सफाई को लेकर प्रशासन गंभीर, निरंतर हो रही जांच

- पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि रितेश गोयल ने निगम कमिश्नर,जॉइंट कमिश्नर और निगम अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

इस साल बरसाती पानी से शहर को बचाने और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन गंभीर नजर आ रहा है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि रितेश गोयल ने निगम कमिश्नर,जॉइंट कमिश्नर और निगम अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया।

इस दौरे के दौरान उन्होंने नालों की सफाई व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों की सफाई निर्धारित समय के भीतर अच्छे तरीके से पूरी की जाए, ताकि बारिश के मौसम में किसी भी प्रकार की जलभराव की समस्या न हो । इस दौरान नेताओं और निगम अधिकारियों ने शहर के अलग अलग हिस्सों में जाकर अलग नालों व बड़ी ड्रेन्स की सफाई का जायज़ा लिया। निगम कमिश्नर ने अपने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिए कि नालों की सफाई कार्य को समय रहते पूरा किया जाए, ताकि बरसात के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस मौके पर डिप्टी मेयर राजेश मेहता और मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा भी उपस्थित रहे। बता दें कि बरसाती सीज़न से पहले हरकत में आये नगर निगम व जन प्रतिनिधियों के एक्शन से इस बार अंबाला शहर के नागरिकों को बरसाती पानी से राहत मिलने की उम्मीद है और शहर में जलभराव की समस्या से बचाव के प्रयासों को लेकर लोगों में सकारात्मकता दिखाई दे रही है।




**अंबाला।** नालों की सफाई का जायजा लेती जांच टीम। फोटो : हरिभूमि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की ओर से काठे माजरा में कार्यक्रम

## परमात्मा एक निराकार बिंदू, उसे हर धर्म के लोग अलग-अलग रूप में करते हैं याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से गांव काठे माजरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसमें उपस्थित सभी को मेडिटेशन के फायदे बताए गए। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन अगर हम प्रतिदिन करते हैं तो हम बड़ी से बड़ी बीमारियों को भी ठीक कर सकते हैं उन्होंने सभी को संस्था के साथ जुड़कर मेडिटेशन के माध्यम से अपने जीवन को तनाव मुक्त बनाने की प्रेरणा दी।

बीके प्रीति बहन ने सभी को संस्था का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि संस्था पूरे विश्व में शांति के लिए प्रयासरत है हर वर्ग के लोग संस्था से जुड़कर अपने क्षेत्र में में बहुत अच्छी सेवाएं दे रहे हैं । उन्होंने सबको आत्मा का परिचय देते हुए कहा कि हम सबके अंदर चैतन्य शक्ति आत्मा है जो उस परमपिता परमात्मा का बच्चा है और वह आत्मा 7 गुणों का स्वरूप है जब हम उनके गुणों को जानकर उन्हें अपने जीवन में प्रयोग करेंगे तो हमारा जीवन बहुत सुखी बन जाएगा। बीके अंजलि बहन ने सभी को परमपिता परमात्मा का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि परमात्मा वह हो सकता है जिसको सब धर्म के लोग किसी न किसी रूप में अपना पिता स्वीकार करते हैं और वह एक निराकार ज्योति बिंदु ही हो सकता है जिसको हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी किसी ने किस रूप में याद करते हैं। सब धर्म गुरुओं में अपनी उम्र उंगली ऊपर की तरफ दिखाई कि वह ऊपर रहता है वह एक है तो वह निराकार ज्योति बिंदु से परमात्मा ब्रह्मा कुमारीज के माध्यम से अपना सत्य ज्ञान सुना रहे हैं। सेवा केंद्र प्रभारी बीके हरदीप बहाने सभी को बधाई दी और नवरात्रि के नव वर्ष की भी बधाई दी और सभी के जीवन को तनाव मुक्त बनाने के लिए विशेष टिप्स दिए भ्राता सुरेंद्र ने गीत के माध्यम से सभी को पिता परमात्मा से जोड़ा।



**नारायणगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था के सदस्य।

### अब सप्ताह में दो दिन आयोजित होंगे समाधान शिविर

**अंबाला।** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005